न्यूज ब्रीफ

इंडिगो की फ्लाइट दो घंटे देरी से आई

ग्वालियर। कोहरे का असर फ्लाइट के आवागमन पर होने लगा है। सोमवार को इंडिगो की दिल्ली से ग्वालियर आने वाली फ्लाइट दो घंटा देरी से आई और दो घंटा देरी से गई। फ्लाइट ग्वालियर में आने का समय दोपहर 12 बजे का है, लेकिन कोहरे के कारण फ्लाइट दोपहर 2 बजे पहुंची और दोपहर 2:45 बजे दिल्ली के रवाना हुई। फ्लाइट के लेट होने के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

पति-पत्नी आपसी सहमति से तलाक को हुए राजी

ग्वालियर। कोर्ट में एक दंपति ने आपसी सहमति से तलाक लिया है। पति द्वारा पत्नी को भरण-पोषण के लिए 4 लाख रुपए दिए। सहमति से लिए तलाक पर दोनों के अंतिम बयान होना शेष हैं। पति ने पत्नी पर ब्लू फिल्म देखने, अश्लील चैटिंग का आरोप लगाया है, ऐसा करने से रोकने पर झगड़ा करती है। पत्नी ने शादी से पहले बलात्कार की बात भी छिपाई। पत्नी ने पति पर दहेज नहीं लाने पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है।

ग्वालियर को टेक्सटाइल हब बनाने का लिया संकल्प

ग्वालियर। डॉ. भीमराव अंबेडकर पॉलीटेक्निक कॉलेज के पड़ाव स्थित टेक्सटाइल डिपार्टमेंट में सोमवार को एलुमिनी का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व मंत्री एवं कॉलेज एलुमिनी जयभान सिंह पवैया, विक्रम बूलन ग्वालियर यूनिट हेड सिमरन नाग, अरविंद कुमार उपाध्याय लेखक टेक्सटाइल बुक्स, विशिष्ट अतिथि एसोसिएशन अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल भारद्वाज, सचिव मयंक दीक्षित, सहसचिव तीर्थ भारद्वाज, उमाकांत भारद्वाज, हरीश प्रजापति, कॉलेज प्राचार्य शशि विकसित उपस्थित थे। पूर्व मंत्री ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए अपने छात्र जीवन के संस्मरण सुनाए और एलुमिनी मीट इसी तरह से आयोजित करने की बात कही।

एम्बेसी बोली युवक ने किया सुसाइड, परिजनों ने लगाया जहर देकर मारने का आरोप

ग्वालियर के योग थेरिपिस्ट की चाइना के बीजिंग में मौत, शव के लिए भटक रहा परिवार

पीपुल्स संवाददाता • ग्वालियर
मो.नं. 9644644430

चीन के बीजिंग में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत के बाद गमगीन मृतक के परिजन।

शहर के युवक योग थेरिपिस्ट की चाइना के बीजिंग में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह आठ महीने पहले नौकरी के लिए बीजिंग गया था। बीते बुधवार को उसने परिवार से वीडियोकॉल पर बात की थी, जिसके बाद उसका फोन बंद आने लगा। परिजनों ने जब उसके वरिष्ठ अधिकारियों से संपर्क किया तो युवक द्वारा सुसाइड करना बताया। तब से लेकर अभी तक परिजन शव पाने के लिए भारतीय दूतावास से संपर्क कर रहे हैं। हालांकि दूतावास द्वारा शव डेढ़ महीने के भीतर भारत आना बताया गया है। परिजनों का आरोप है कि उसके वरिष्ठ अधिकारियों ने जहर देकर उसे फांसी पर लटकाया है।

माधौगंज थाना क्षेत्र के रॉबर्स पुल निवासी सुरेन्द्र कुशवाह टैक्सी चालक है उनका इकलौता बेटा प्रबल कुशवाह पेशे से योग थेरिपिस्ट है। फरवरी माह में प्रबल को चाइना के बीजिंग से योग सेंटर में नौकरी के लिए ऑफर मिला था, इस ऑफर को अपने करियर का टर्निंग प्वाइंट मानकर प्रबल चाइना नौकरी के लिए चला गया। सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा था, इसी बीच कुछ दिनों से उसका फोन बंद आने लगा। परिजनों को शंका हुई तो उन्होंने चाइना बुलाने वाली सू-चाइन व मिस रोजी से संपर्क किया, तब इन लोगों ने परिजनों का फोन पिक नहीं किया। बीती शनिवार को जब संपर्क हुआ, तो उन्होंने बताया गया कि प्रबल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इस सूचना के बाद से पूरा परिवार सदमे में है, इसके साथ ही उसके परिजन भारतीय दूतावास से मदद की गुहार लगा रहे हैं।

परिजनों का आरोप, प्रबल की हुई है हत्या

प्रबल के परिजनों ने बताया कि उनकी आखिरी बार बात बीती 20 दिसम्बर को वीडियोकॉल के जरिए हुई थी, जिसके बाद दो दिन उसका फोन बंद गया तो परिजनों को शंका हुई। जिसके बाद उसके ऑनर सू-चाइन से संपर्क किया तो उन्होंने सीधा प्रबल द्वारा सुसाइड करना बताया है।

परिवार की विनती

इकलौते बेटे की विदेश में गई जान पर उसके पिता सुरेन्द्र कुशवाह ने केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से प्रबल के शव को जल्द से जल्द इंडिया लाने की गुजारिश की है। इसके साथ ही परिजन भारतीय दूतावास से प्रबल की मौत पर चाइना सरकार से निष्पक्ष जांच कराए जाने की विनती कर रहे हैं।

पैसों के लेनदेन का विवाद

परिजनों द्वारा लगाए जा रहे हत्या के आरोप पर उनके द्वारा बताया गया कि प्रबल ने कुछ दिन पहले पैसों के लेनदेन को लेकर ऑनर और उसके बीच झगड़ा होना बताया था। जिसके बाद इस घटना का होना सुसाइड नहीं बल्कि उसके ऑनरों द्वारा हत्या कर उसे फांसी पर लटकाया गया है।

दूतावास से आया मैसेज, 45 दिन में आएगा शव

युवक की मौत के बाद भारतीय दूतावास और मृतक के परिजनों के बीच संपर्क हुआ है, जिसमें दूतावास ने प्रबल का शव इंडिया आने के लिए 40 से 45 दिन का समय लगना बताया है। वहीं मौत के मामले में दूतावास द्वारा प्रबल का फांसी पर लटका पाया जाना बताया गया है, जबकि परिजनों का इस घटना पर संशय बरकरार है।

परिवार में इकलौता बेटा था, वो भी नहीं बचा

इस मामले की जानकारी लगने पर जब मृतक के परिजनों से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि प्रबल बचपन से ही पढ़ने में होशियार था वह अपनी दो बहनों के बीच इकलौता भाई था। उसकी मौत की खबर के बाद से परिजन बेसुध हैं, जिन्हें उसका शव आने के इंतजार में पल-पल भारी कट रहा है।

मौसेरे भाई ने किया दुष्कर्म, अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर किए वायरल

पुरानी छावनी थाना पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

पीपुल्स संवाददाता • ग्वालियर
मो.नं. 9644644430

बर्थ डे पार्टी का बहाना बनाकर मौसेरा भाई अपनी बहन को साथ में ले गया और दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। मामला पुरानी छावनी थाना क्षेत्र का है, जहां वारदात के समय आरोपी ने पीड़िता के अश्लील फोटो खींच लिए। इसके बाद जब पीड़िता ने आरोपी से बातचीत बंद की तो उसने फोटो वायरल कर दिए। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

पुरानी छावनी थाना क्षेत्र के जिगसौली गांव में रहने वाली पंद्रह वर्षीय छात्रा पुरानी छावनी इलाके में कोचिंग पढ़ने जाती है। बीते मार्च माह में वह अपनी मौसी के बेटे की शादी में शामिल होने के लिए अलापुर मुरैना गई थी। वहां पर उसकी मुलाकात मौसी की जिठानी के बेटे शिवम रजक से हुई। इसके बाद दोनों के बीच फोन पर बातचीत होने लगी, तभी 16 अगस्त को शिवम उसकी कोचिंग पर आया और कहने लगा कि उसका जन्मदिन है, जिसे वह उसके साथ सेलीब्रेट करना चाहता है। उसकी बात मानकर वह उसके साथ चली गई, वह बढोड़ापुर लेकर पहुंचा और वहां पर उसे बर्गर खिलाया। बर्गर खाने के बाद वह वापस कोचिंग आई तो उसे चक्कर आने लगे। चक्कर आते देखकर शिवम उसे पास ही स्थित अपने परिचित के मकान पर ले गया और जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ वारदात को अंजाम दिया।

फोन नहीं उठाया तो फोटो किए वायरल

इस घटना के बाद पीड़िता ने आरोपी के फोन उठाना बंद कर दिए, जिस पर आरोपी ने उसकी बुआ सहित अन्य रिश्तेदारों को फोटो भेजकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए।

नाबालिग किशोरी ने रिश्तेदारी में भाई लगने वाले युवक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है। आरोपी की तलाश जारी है, जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

अमृता मीणा, एएसपी सिटी नॉर्थ

गहोई वैश्य क्षेत्रीय एसोसिएशन थाटीपुर का दीपावली मिलन एवं अन्नकूट संपन्न

पीपुल्स संवाददाता • ग्वालियर
मो.नं. 9644644430

गहोई वैश्य क्षेत्रीय एसोसिएशन थाटीपुर ग्वालियर की अर्द्ध वार्षिक आमसभा, दीपावली मिलन एवं मेधावी छात्रों का समारोह सत्कार गेस्ट हाउस में आयोजित किया गया। साधारण सभा की बैठक चतुर्भुज सांवला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष केशव नीखरा, चंबल क्षेत्रीय सभा के अध्यक्ष प्रेम नारायण खंतात, महासभा के राष्ट्रीय नवयुवक मंडल के अध्यक्ष रमन सेठ, राष्ट्रीय नवयुवक मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक पहारिया एवं अध्यक्षता शिवकुमार गुप्ता चपरा ने की। कार्यक्रम में महिलाओं ने हाउजी एवं अन्य गेम्स खिलाए। कार्यक्रम में समाज के गौरव डॉ. वैभव गुप्ता, डॉ. प्रियंका गुप्ता, शौर्य गुप्ता, आर्यन गुप्ता, कु. वंशिका पहारिया का सम्मान किया गया।

इस अवसर पर गहोई दर्पण कैलेंडर का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में अन्नकूट का आयोजन हुआ, जिसमें समाज बंधुओं ने प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष सौरभ नीखरा, मंत्री ज्ञानेन्द्र रावत, कोषाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, उपमंत्री रवि सांवला, नवयुवक मंडल के अध्यक्ष अंशुल छरौलिया, थाटीपुर पंचायत पूर्व अध्यक्ष ऋषि सहदेले, वरिष्ठ संघ के अध्यक्ष सुरेश निगोती एवं नीलम रेजा अध्यक्ष महिला मंडल सहित कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित हुए। कार्यक्रम में डॉ. मोहित नौगरैया, डॉ. रितु नौगरैया विशेष सहयोग रहा। संचालन सौरभ अमर एवं आभार अध्यक्ष शिव कुमार गुप्ता ने व्यक्त किया।

अभा ग्राहक पंचायत ने मनाया तुलसी पूजन दिवस

ग्वालियर। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत महिला जागरण ने केएस नर्सिंग कॉलेज में तुलसी पूजन दिवस मनाया। इस दौरान अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के राष्ट्रीय संगठन मंत्री दिनकर सबनीस भाई साहब ने तुलसी पूजन दिवस के महत्व, स्वास्थ्य और वातावरण के लिए तुलसी कितनी और किस प्रकार महत्वपूर्ण है इसके विषय में बताया। सबनीस ने बताया कि हम सभी लोगों को 25 दिसंबर तुलसी पूजन दिवस के रूप में मनाना चाहिए, ना कि क्रिसमस के रूप में तुलसी पूजन दिवस हमारा त्योहार है, क्रिसमस तो पश्चिमी देशों द्वारा हमारे ऊपर थोपा गया है। इस दौरान कॉलेज परिसर में 11 तुलसी के पौधों के साथ कई पौधों का रोपण किया गया।

पोदार इंटरनेशनल स्कूल में मना क्रिसमस डे



पीपुल्स संवाददाता • ग्वालियर
मो.नं. 9644644430

पोदार स्कूल में सर्वधर्म समभाव के अंतर्गत क्रिसमस डे मनाया गया। क्रिसमस ईसा मसीह के जन्म के उपलक्ष्य में हर साल 25 दिसंबर को मनाया जाता है। कक्षा सातवीं के छात्र-छात्राओं ने मनमोहक नृत्य, कोरस सांग और मानवता की सेवा करने के भाव से ओत- प्रोत एक नाटिका प्रस्तुत की। विद्यालय के प्राचार्य आरके जैन ने विद्यार्थियों को क्रिसमस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा क्रिसमस चिंतन करने, प्यार फैलाने, बंधनों को मजबूत करने और सद्भावना फैलाने वाला त्योहार है। यह हमें सर्वधर्म समभाव की सीख देता है। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

कैट का राम संवाद कार्यक्रम आज

ग्वालियर। हर बाजार अयोध्या, घर-घर अयोध्या कार्यक्रम के तहत राम संवाद कार्यक्रम 26 दिसम्बर को दोपहर 2 बजे दाल बाजार के प्यारेलाल का बाड़ा आनन्द ट्रेडिंग कंपनी पर कैट द्वारा आयोजित किया गया है। कैट के जिलाध्यक्ष दीपक पमनानी एवं उपाध्यक्ष दिलीप पंजवानी ने बताया कि हम व्यापारियों के साथ 22 जनवरी को हर दुकान और घर में खुशी का वातावरण बने इसके लिए व्यापारियों से चर्चा करेंगे। आकाश जैन, मनोज चौरसिया, राहुल अग्रवाल, अंशुल गुप्ता, जेसी गोयल, समीर अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, क्रांति मिलिन्द, पंकज गोयल, राजेश गुप्ता, मनोज अग्रवाल, कन्हैयालाल अग्रवाल, राघवेन्द्र सिंहल आदि ने समस्त व्यापारियों को राम संवाद कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया है।

मेला शुरू, सैलानी पहुंचे, बच्चों ने फ्री में लिया झूलों का लुत्फ

ग्वालियर। मेला प्राधिकरण की घोषणा के अनुसार सोमवार 25 दिसंबर से मेला प्रारंभ हो गया। हालांकि अभी आधे से भी कम मेला लगा है, लेकिन मेला शुरू होने के इंतजार में बैठे सैलानी मेले में सोमवार को छुट्टी का आनंद लेने पहुंचे। मेले के पहले दिन हालांकि कारोबार तो अन्य दिनों की तुलना में न के बराबर रहा, लेकिन झूला सेक्टर गुलजार नजर आया। अवकाश होने की वजह लोग परिवार के साथ मेला देखने पहुंचे, दूसरी ओर मेला व्यवसायी संघ ने बच्चों को फ्री में झूले झुलाए और फल और मिठाइयां वितरित कीं। इस अवसर पर मेला व्यवसायी संघ के अध्यक्ष महेंद्र भदकारिया, महेश मुदगल, अनिल पुनियानी, कल्ली पंडित, संजय दीक्षित, अनुज गुर्जर, अचल भदकारिया आदि मौजूद रहे।

महाराजपुरा थाना पुलिस की कार्रवाई

डीडी नगर में हुई लूट की वारदातें ट्रेस लुटेरे दबोचे, जल्द होगा खुलासा

ग्वालियर। महाराजपुरा थाना हद के डीडी नगर इलाके में लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले लुटेरों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। बदमाशों ने मंगलसूत्र, चेन और मोबाइल पर हाथ साफ किया था, जिसके बाद से पुलिस लगातार बदमाशों की धरपकड़ के लिए जाल बिछा रही थी। ऐसे में पुलिस ने एक के बाद एक करके चार आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। पूछताछ में बदमाशों ने चार लूट की वारदातें करना कबूली हैं जिसके बाद पुलिस माल बरामद कर जल्द ही वारदातों का खुलासा करेगी।

ज्ञात हो कि महाराजपुरा इलाके में आने वाले सिंधिया स्टेन्यू के पास बाइक सवार बदमाशों ने महिला के गले से झपट्टा मारकर मंगलसूत्र लूट लिया था। इसके साथ ही डीडी नगर इलाके में बदमाश चेन लूट और मोबाइल छीनने की वारदातों को अंजाम दे चुके थे। इन बदमाशों की धरपकड़ के लिए पुलिस लगातार उनके पीछे लगी थी। इसी दौरान बदमाशों के हुलिए और उनकी पहचान करते हुए पुलिस ने चार बदमाशों को कस्टडी में ले लिया है। पकड़े गए बदमाश आसपास के ही हैं, जिनमें दो लोग किराए के मकानों में रहकर वारदातों को अंजाम देते थे। पूछताछ में लुटेरों द्वारा महाराजपुरा इलाके में घटित हुई चार लूटों के साथ कई दिनों से घट रही मोबाइल छीनने की वारदातों का भी खुलासा हुआ है। पुलिस इन बदमाशों से आसपास के क्षेत्रों में हुई लूट की वारदातों को लेकर पूछताछ कर रही है। माना जा रहा है, लुटेरों से शहर में घटित हुई अन्य वारदातों का खुलासा हो सकता है। हालांकि पुलिस अधिकारियों द्वारा बदमाशों की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन सूत्रों की मानें तो पुलिस जल्द लुटेरों के पकड़े जाने का खुलासा करेगी।

टीसीएल कंपनी को टीवी की खराबी दूर कर चालू करना होगी

ग्वालियर। उपभोक्ता फोरम ने एलईडी टेलीविजन वारंटी अवधि में होने के बाद निर्माता कंपनी द्वारा टीवी में आई खराबी को सही नहीं करने पर सेवा में कमी माना है। फोरम ने वादर परिवाद का निराकरण करते हुए टीसीएल कंपनी को 30 दिन के अंदर टीवी सही करने के आदेश दिए हैं, साथ ही परिवादी मानसिक क्षति के लिए 5 हजार और प्रकरण व्यय के 2 हजार रुपए भी देना होंगे।

नीतेश कुमार निवासी जत्ती की लाइन बिरला नगर ने रिलाइंस रिटेल लिमिटेड जीएफ हार्डसिंग बोर्ड कॉम्पलेक्स तानसेन नगर से 25 जनवरी 2020 को 30190 रुपए कीमत की टीसीएल कंपनी की एलईडी टीवी खरीदी थी, जिस पर तीन साल की वारंटी दी गई थी। 9 अप्रैल 2022 को टीवी के अचानक बंद होने पर नीतेश कुमार ने 10 अप्रैल 2022 को टोल फ्री नंबर पर टीसीएल कंपनी में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसका कोई निराकरण नहीं हुआ। इसे लेकर नीतेश कुमार ने जिला उपभोक्ता विवाद परितोषण आयोग में टीसीएल कंपनी के खिलाफ परिवाद दायर किया। आयोग ने परिवादी को मानसिक क्षति के लिए 5 हजार और प्रकरण व्यय के 2 हजार रुपए देने का आदेश दिया है।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मानव सूरी (मिकी सूरी) पुत्र श्री प्रदीप कुमार सूरी निवासी श्रीराम कॉलोनी, झांसी रोड़, ग्वालियर के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य की संपत्ति फ्लेट क्रमांक भू. जी - 2 प्रथम मंजिल स्थित साया टेरेस अपार्टमेन्ट हरीशंकरपुरम ग्वालियर है जिसका नगर निगम वार्ड क्रमांक 58 है जिसका भवन क्रमांक 1750 है उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार ने जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र पंजीयन क्रमांक 331 ग्रंथ क्रमांक 9138 दिनांक 20-05-1995 को श्रीमती अपर्णा दीगरा पत्नि श्री विनेश दीगरा द्वारा मु. आम विनेश दीगरा पुत्र श्री सुरेश दीगरा एवं साया बिल्डर्स प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर विनेश दीगरा पुत्र श्री सुरेश दीगरा से क्रय किया था। उक्त मूल विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के निवास श्रीराम कॉलोनी से सनातन धर्म मंदिर, ग्वालियर के बीच दिनांक 05-12-2023 को कही गिर गया है जो की काफी खोजने पर भी नहीं मिल रहा है जिसकी सूचना पुलिस थाना इन्दरगंज जिला ग्वालियर में भी दिनांक 20-12-2023 को दी जा चुकी है। अतः सूचित हो।

दिनांक 25.12.2023

प्रोपक
मनीष सक्सेना एडवोकेट

दर्शनार्थियों की बस भिड़ी, दो की मौत

एक दर्जन से ज्यादा यात्री घायल

पीपुल्स संवाददाता • ग्वालियर
मो.नं. 9644644430

झांसी-कानपुर हाईवे पर घने कोहरे के कारण भीषण हादसा हो गया। जिसमें एकाएक मिनी टूरिस्ट बस सहित तीन वाहन आपस में टकरा गए। मिनी टूरिस्ट बस बागेश्वर धाम से ग्वालियर लौट रही थी। हादसे में चालक सहित दो की मौत हो गई, जबकि एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से सभी को बाहर निकला। जिसके बाद घायलों को अस्पताल रेफर कराकर पुलिस ने शवों का पीएम कराने के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

रविवार की सुबह ग्वालियर से छतरपुर स्थित बागेश्वर धाम दर्शन करने गए दर्शनार्थियों की मिनी बस झांसी के नवाबाद थाना अंतर्गत मेडिकल बाईपास के पास झांसी-कानपुर हाइवे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बताया गया कि मिनी टूरिस्ट बस क्रमांक एमपी 09 टीवी 0195 बागेश्वर धाम से ग्वालियर लौट रही थी। तभी झांसी में मेडिकल बाईपास के पास पहुंचने पर घने कोहरे के कारण वह आगे जा रहे ट्रक से टकरा गई। इसी दौरान पीछे आ रहा तीसरा ट्रक भी बस से टकरा गया।

दुर्घटना में चालक की मौत, एक दर्जन घायल

हादसे में मिनी टूरिस्ट बस चालक ग्वालियर निवासी जितेंद्र (32) और ग्वालियर निवासी महिला राजेश्वरी पथिक (58) की मौत हो गई। जबकि, राजेश्वरी की बेटी विनीता (28), ग्वालियर निवासी कशिश शर्मा (40), उनके पति अमित शर्मा (45), बेटा यश शर्मा (17), कशिश की गुरु बहन महाराष्ट्र निवासी आरती गंगौती (47) और पप्पू महाराज (26), ग्वालियर निवासी सुनीता (40), राधा जादौन (66), दिनेश अग्रवाल (34), प्रेमिका भदौरिया (32), प्रियंका जादौन (29), रमा देवी (50), ग्वालियर के बानमोर निवासी राजेश गोले (48) और उनकी पत्नी लक्ष्मी (47) घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज झांसी मेडिकल कॉलेज में जारी है।

छात्रों को कैंपस में लाने एबीवीपी 'परिसर चलो अभियान' चलाएगी

ग्वालियर। छात्र-छात्राओं से शैक्षणिक संस्थानों की पहचान है, लेकिन संस्थानों में लगातार छात्रों की उपस्थिति कम होती जा रही है, जिससे शैक्षणिक गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। इसे लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जनवरी 2024 से देश भर में परिसर चलो अभियान चलाने जा रही है, जिसके जरिए छात्रों को कैंपस से जोड़ा जाएगा। अभियान के दौरान परिषद के कार्यकर्ता विद्यार्थियों से बातचीत करेंगे।

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने दिल्ली में हुए परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन में पारित हुए संकल्पों की जानकारी देने के लिए सोमवार को पत्रकारों से रूबरू हुए। आपने बताया कि शिक्षण संस्थानों में छात्रसंघ चुनाव होने से छात्रों में कैंपस में आने में रोचकता बनी रहती है, इसलिए छात्रसंघ चुनाव कराया जाना मुख्य मुद्दा रहेगा। साथ ही राज्य सरकारें विभागों में रिक्त पड़े पदों को भरने के लिए कार्रवाई करें, इसे लेकर अभियान चलाया जाएगा। प्रेसवार्ता में राष्ट्रीय मंत्री वीरेंद्र सोलंकी, शिवानी वर्मा, प्रांत मंत्री संदीप वैष्णव, प्रांत उपाध्यक्ष व महानगर अध्यक्ष सत्यप्रकाश तोमर उपस्थित थे। राष्ट्रीय मंत्री ने दोपहर में जीवाजी विवि के फार्मेसी संस्थान में शहर के शिक्षण संस्थानों में परिषद के छात्र नेताओं के साथ परिषद चलो अभियान के मुद्दे पर चर्चा की।

प्रदेश डकैत मुक्त है फिर भी डकैती का केस दर्ज किया: राष्ट्रीय महामंत्री राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि परिषद के कार्यकर्ता हिमांशु श्रोत्रिय और सुकृत शर्मा ने किसी की जान बचाने के लिए जो किया है, इसके लिए उन पर पुलिस ने डकैती का केस दर्ज किया, जबकि प्रदेश डकैत मुक्त है। यह पुलिस पर सवाल उठाता है कि कार्यकर्ताओं ने ऐसा कोई कृत्य नहीं किया था, जिसे लेकर डकैती का केस दर्ज किया गया।

ICICI Home Finance कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई होम फायनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एक्सफ्रेसी टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुम्बाई-400059, भारत
शाखा कार्यालय: प्रथम मंजिल, द एष्थायर, कार्यालय न. एफ-05, 33-सिटी सेन्टर, वार्ड नं.30, इनकम टेक्स बिल्डिंग के पास, माधव राव सिंधिया पार्क के सामने, ग्वालियर (म.प्र.)-474011 [नियम 8(6) के परंतुक देखें]

अचल संपत्ति के लिए बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) 2002 नियमावली के नियम 8 (6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री नोटिस,
एतद्वारा आम जनता को और विशेष रूप से ऋणी और गारंटीकर्ता (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति सुरक्षित लेनदार को गिरवी/चार्ज की गई है, जिसका भौतिक कब्जा अधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है। आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, नीचे दिए गए संक्षिप्त विवरण के अनुसार, "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" पर बेचा जाएगा।

क्र. सं.	ऋणी का नाम/सह ऋणी/गारंटर/कानूनी वारिस/ ऋण खाता संख्या	सुरक्षित संपत्ति (संपत्तियों) का विवरण, यदि कोई हो	प्रकाश्य राशि	आरक्षित मूल्य / बयाना जमा	तारीख निरीक्षण का दिन व समय	नीलामी की तिथि और समय
(A)	(B)	(C)	(D)	(E)	(F)	(G)
1.	सचिन जैन (ऋणकर्ता) रामा जैन (सह-ऋणकर्ता) धीरज जैन (सह-ऋणकर्ता) माया जैन (सह-ऋणकर्ता) ऋण खाता नं. LHGWA00001316571	हाउस हियरिंग मुन. क्रमांक 618/2 थान 7/357 (पुराना) वार्ड क्रमांक 8, स्थित मंडी दाल बाजार, ग्वालियर, तहसील एवं जिला ग्वालियर (मध्य प्रदेश)	रू. 37,28,043/- दिसम्बर 15, 2023	रू.32,31,738/- / रू. 3,23,180/-	जनवरी 03, 2024 11:00 AM-03:00 PM	जनवरी 12, 2024 02:00 PM-03:00 PM

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी ऑक्शन मलीव टेक की वेबसाइट (यूआरएल लिंक- https://BestAuctionDeal.com/) पर आयोजित की जाएगी। गिरवी रखने वाली/नोटिस को 11 जनवरी 2024, सायं 05.00 बजे से पहले तक अतिरिक्त राशि के साथ कुल देय राशि का भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।
संभावित बोलीदाताओं को आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्रथम मंजिल, द एष्थायर, कार्यालय नं. एफ-05, 33-सिटी सेन्टर, वार्ड नं.30, इनकम टैक्स बिल्डिंग के पास, माधव राव सिंधिया पार्क के सामने, ग्वालियर (म.प्र.)-474011 में 11 जनवरी 2024 को शाम 04.00 बजे तक या उससे पहले बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस / डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) / कॉन्क्ष ड्रैडो) जमा करना होगा। संभावित बोलीदाताओं को प्रोक्लेमेशन फॉर्म और बोली नियम और शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति भी जमा करनी होगी आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्रथम मंजिल, द एष्थायर, कार्यालय नं. एफ-05, 33-सिटी सेन्टर, वार्ड नं.30, इनकम टैक्स बिल्डिंग के पास, माधव राव सिंधिया पार्क के सामने, ग्वालियर (म.प्र.)-474011 को 11 जनवरी 2024 या उससे पहले 05.00 बजे से पहले जमा की जा सकती है। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) ग्वालियर- में देय "आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी" के पक्ष में एक राष्ट्रीयकृत / अनुसूचित बैंक से होना चाहिए।
निरीक्षण, नीलामी के नियमों और शर्तों या निविदाओं को प्रस्तुत करने के संबंध में किसी भी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए, कृपया आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 9920807300 या हमारी वेल्थ एंड मार्केटिंग पार्टनर नेवसर्वेस सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड पर संपर्क करें।
प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया देखें https://www.icicihfc.com/

दिनांक : दिसंबर 26, 2023
स्थान : ग्वालियर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फायनेंस कंपनी लिमिटेड